कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर जनपद–पीलीभीत

अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद के समस्त पंजीकृत ठेकेदारो एवं सम्बन्धित फर्मो, अधिकृत विक्रताओं, ऐजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यो की निविदा दिनांक 27.06.2014 को दोपहर 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सायं 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र/टेण्डर फार्म प्रकाशन से दिनांक 26.06.2014 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर में निर्धारित मूल्य जमा करके किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं तथा सील बंद निविदाएं/टेण्डर नगर पालिका परिषद, बीसलपुर में रखे गये निविदा वाक्स में दिनांक 27.06.2014 तक सायं 2:00 बजे तक डाली जा सकती हैं। अपरिहार्य स्थिति में निविदा तिथि पर यदि आकस्मिक अवकाश/सरकारी अवकाश घोषित होता है तो ऐसी दशा में निविदा/टेण्डर अगले दिन निश्चित समय तक डाली जायेगी। पांच लाख से ऊपर की निविदाएं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय पीलीभीत के समक्ष उसी दिन खोली जायेंगी।

1	2	3	4	5	6	7
क्र0 सं0	कार्य का नाम	दर प्रति नग	धरोहर धनराशि आंगणन 2प्रतिशत	निविदा मूल्य	कार्य करने की अवधि	अभ्युक्ति
1	**Vehicle Mountable Thermal fogging machine** Type of machine : Thermal Aerosol fog, petroleum based resonate pulse principle. Performance of engine tube : 46 kw-hr Fog Output : 150 liters Tank. Solution Tank Capacity : 108 liters Tank. Fuel Tank Capacity : 13 liter Tank Fuel Consumption : Single Barrel 2.3Lt./Hr, Double Barrel 4.6Lt./Hr Machine Weight Empty : 50 kg only. (without tank) Machine Dimensions (mm) (LxWxH) : 1560x760x380 mm Vechicle Mounted on Mahindra Gio (Four wheeler)			500	एक सप्ताह	

शर्तेः–

1. धरोहर धनराशि निविदा के साथ नगद या एन.एस.सी./एफ.डी.आर./सी.डी.आर./राष्ट्रीय जमा पासबुक/डिमाण्ड ड्राफ्ट अधिशासी अधिकारी के नाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
2- सशर्त निविदा एवं डाक द्वारा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं निविदा डालने का समय समाप्त होने के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
3- कार्य की निविदा/टेण्डर लिफाफे में सील बंद, मोहर बंद करके टेण्डर वाक्स में डालनी होगी तथा लिफफे पर कार्य का नाम व कार्य की संख्या अंकित करना होगी।
4- निविदा में दरों का व्यवहारिक होना अनिवार्य है प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति में गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए अव्यवहारिक दरें स्वीकार नही की जायेंगी।
5- निविदा/टेण्डर साफ भरी हुई मान्य होगी। कटिंग/ओवर राइटिंग/संशोधित निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
6- निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के अंदर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगी एवं सहायक स्टाम्प आयुक्त द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार स्टाम्प पेपर पर ठेके का अनुबंध लिखकर एवं स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त दाखिल करना अनिवार्य होगा अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
7- पूर्ण गुणवत्ता के समय नियत अवधि में कार्य का पूर्ण करना अनिवार्य है पर गुणवत्ता को पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
8- किसी एक निविदा/टेण्डर अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
9- प्रत्येक निविदा के साथ अलग–अलग एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जमा करना अनिवार्य होगा।
10. अन्य शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

(छेदालाल)
अध्यक्ष
न0पा0परि0बीसलपुर

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0बीसलपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर जनपद–पीलीभीत

पत्रांकः– दिनांकः–

प्रतिलिपिः–

1. संबाददाता दैनिक समाचार पत्र आज/खुसरो मेल को इस आशय से कि कम से कम स्थान में शासकीय दर पर एक वार प्रकाशन कर प्रकाशन की दो प्रतियों सहित बिल प्रस्तुत करने हेतु।
2. कार्यालय उपजिलाधिकारी बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय तहसीलदार बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. मण्डी समिति बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. सहकारी चीनीमिल बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।
9. एन0आई0सी0 पीलीभीत हेतु।

(छेदालाल)
अध्यक्ष
न0पा0परि0बीसलपुर

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0बीसलपुर